तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 18 मार्च 2025

[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]

12 रंग-गुलाल लगाकर ग्रामीणों ने दिया भाई-...



12 होली मिलन समारोह में लोक गायक राकेश ...



## खबर संक्षेप

### महिला से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम उमरिया की एक महिला के घर का दरवाजा तोड़कर मारपीट करने वाले आरोपी के खिलाफ सरायपाली पुलिस ने जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस को प्रार्थिया लीलाबाई पति शिवप्रसाद लहरे (35 साल) ने बताया कि 15 मार्च को दोपहर लगभग 2 बजे वह अपने घर के मुख्य दरवाजा को अंदर से सिटकिनी लगा कर सोई थी। उसी समय गांव के राजेश मिरी ने दरवाजा को जोर से धक्का मारा, जिससे सिटकिनी टूट गई और घर घुसकर उसके साथ गाली गलौज कर तूझे जान से मारूंगा कहकर डंडे से मारपीट किया। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 333, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### मोबाइल से बात करते चलते ट्रक से गिरा युवक, हुई मौत

**महासमुंद।** चलती ट्रक का दरवाजा खोलकर मोबाइल से बात कर रहे युवक की गिरने से मौत हो गई। मामले की जांच के बाद सांकरा पुलिस ने बताया कि मर्ग क्रमांक 10/2025 धारा 194 बीएनएसएस के तहत मृतक अमनदीप सिंह पिता जसबीर सिंह (24 साल) निवासी वार्ड नं 1 सिमबल कैंप जम्मू प्रदेश जम्मू कश्मीर की जांच की गई। पुलिस ने गवाह एवं परिजनों के कथन के आधार पर बताया कि 14 मार्च को ट्रक क्रमांक सीजी 04 एचडब्लू 7054 में कटक से आयरन गोटी लोडकर भिलाई एनएच 53 रोड से आ रहे थे। ट्रक को अजय भीकाजी राठौड चला रहा था और ट्रक में नितिन भिकाजी, राजा खोबरागडे एवं अमनदीप सिंह ट्रक के सामने साइड में बैठे थे, इस दौरान अमनदीप सिंह ट्रक के बांये साइड के दरवाजा को खोलकर अपने मोबाइल फोन से बात करते-करते ग्राम भगतदेवरी तुलसी ढाबा के पास नीचे गिर गया। गिरने से ट्रक के बांये साइड के बीच के चक्कों की चपेट में आने से उसका सिर कुचल गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जिससे अमनदीप सिंह का मौके पर ही मृत्यु हो गई। मामले में पुलिस ने धारा 106(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## जनपद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह में मंत्री शामिल हुए

# विकास के कारण जनता ने भाजपा पर जताया है भरोसा : टंकराम वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

प्रदेश में विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा सरकार के एक वर्ष कार्यों का परिणाम जनता ने भाजपा के कार्यों को देखकर राज्य व केन्द्र के साथ नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा के उम्मीदवारों को भारी बहुमत से जिताया है। जनता ने जिस विश्वास के साथ हमें चुना है, हम उस पर खरा उतरते हुए क्षेत्र के विकास से तस्वीर बदल देंगे। विकास की किरणें समाज के हर तबके तक रोशनी पहुंचायेगी। रविवार को बलौदाबाजार जनपद पंचायत के नव निर्वाचित अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा ने उक्त उदगार व्यक्त करते हुए नवनिर्वाचित सदस्यों को अपनी शुभकामनाऐं दी और कहा कि सभी जनप्रतिनिधि क्षेत्र की जनता की आशाओं और विश्वास के मुताबिक सेवा भाव से कार्य करें।





### सदस्यों को दिलाई शपथ

शपथ ग्रहण समारोह का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर पीठासीन अधिकारी जनपद सीईओ फकीर चरण पटेल ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुलोचना यादव, उपाध्यक्ष सुमन योगेश वर्मा एवं सदस्यों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।



### ये शामिल

समारोह में जिला अध्यक्ष आनंद यादव, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहू, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष चितावर जायसवाल सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### राज्य सरकार की योजना की दी जानकारी

समारोह की अध्यक्षता करते हुए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार महिला सशक्तिकरण की दिशा में अनेक योजना संचालित कर रही है, जिसमें महतारी वंदन योजना प्रमुख है। इसी तरह युवा, किसानों सहित हर वर्ग के लिए योजना लागू की गई है। जनता से किया अधिकांश वादा एक साल के अंदर पूरा किया है। प्रदेश आज तेजी से विकास की राह पर अग्रसर है। समारोह को भाटापारा के पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा व पूर्व विधायक बिलाईगढ़ डॉ. सनम जांगड़े ने भी संबोधित किया।

# उगाही के लिए चाकू दिखाकर धमकी दी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

ग्राम पौंसरी निवासी संतोष यादव द्वारा सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि सोमवार की सुबह 6 बजे अपने घर के पास था, इसी समय आरोपी अमर ध्रुव उर्फ राजा ध्रुव उसके पास आया एवं अपने जेब में रखे बटनदार, धारदार चाकू को प्रार्थी के गले में रखकर, जान से मारने की धमकी देते हुए पैसों की मांग करने लगा। इस दौरान प्रार्थी द्वारा बीच–बचाव करने के लिए चिल्लाने पर, आसपास के लोगों द्वारा बीच–बचाव किया गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में धारा 119(1) बीएनएस, 25,27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया है।

▪ आरोपी ने जान से मारने की धमकी देते हुए रुपए की मांग की



प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी अमर उर्फ राजा ध्रुव उम्र 27 वर्ष निवासी बीरगांव बंजारी नगर खमतराई रायपुर जिला रायपुर वर्तमान निवासी ग्राम पौंसरी को हिरासत में लिया गया। पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा बटनदार, धारदार चाकू के माध्यम से प्रार्थी को डराना धमकाना एवं उसे जान से मारने की धमकी देते हुए रुपए पैसों की मांग करना स्वीकार किया । प्रकरण में आरोपी को सोमवार को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

## गांजा तस्करी मामले में चार आरोपियों को 15-15 साल की सजा और अर्थदंड

महासमुंद। टोयोटा कार से सवा क्विंटल गांजा तस्करी के मामले में आरोप दोष सिद्ध होने पर एनडीपीएस एक्ट के विशेष न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी ने चार आरोपियों खरियार रोड जोंक निवासी 30 वर्षीय जितेंद्र सिंह बग्गा पिता परमजीत सिंह, म.प्र जबलपुर जिला के अंतर्गत पनागर निवासी 23 वर्षीय रोहित रजक पिता भोलाराम रजक, ग्राम आधारताल निवासी 24 वर्षीय गौरव दीक्षित पिता सुशील दीक्षित, पनागर निवासी 21 वर्षीय नीरज चौधरी पिता स्व. अशोक चौधरी को एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (ख) (II ) (ग)के अपराध में 15-15 वर्ष की सश्रम कारावास तथा प्रत्येक को 1 लाख 20 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नहीं पटाने पर प्रत्येक को 1-1 वर्ष का सश्रम कारावास अलग से भुगतना होगा। इसी तरह 25 आयुध अधिनियम के अपराध में प्रत्येक आरोपियों को 7-7 वर्ष के सश्रम कारावास तथा 10-10 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नहीं पटाने पर प्रत्येक को 1-1 वर्ष समश्र कारावास अतिरिक्त भुगतना होगा। सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी। अभियोजन के अनुसार खल्लारी थाना क्षेत्र के अंतर्गत 21 अप्रैल 2023 को उप निरीक्षक अपने स्टाफ के साथ वाहन चेकिंग करने रवाना हुए।

# अपर कलेक्टर सर्वे ने ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों की बैठक ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पवनी

कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू के निर्देशन में अपर कलेक्टर प्रकाश कुमार सर्वे ने कार्यालय के सभाकक्ष में जिले के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि बैठक में अनुपस्थित आरएईओ का अवकाश स्वीकृत नहीं की जाए। उन्होंने कहा कि अगले बैठक में प्रगति नहीं आएगी तो कार्यवाही की जाएगी। सोमवार की शाम आयोजित इस बैठक में केंद्र और राज्य सरकार के विभिन्न योजनाओं जैसे पीएम किसान सम्मान निधि, एग्रीस्टेक योजना में फॉर्मेर आईडी पंजीयन के कार्यों का प्रत्येक सर्किल अधिकारी से आंकड़ा

सहित प्रगति रिपोर्ट का मूल्यांकन किया। बैठक में अपर कलेक्टर सर्वे



ने कहा कि राजस्व, कृषि, उद्यानिकी और सीएससी चॉइस सेंटर के ऑपरेटर को सयुंक्त रूप से करना होगा। फॉर्म भरने में जिस अधिकारी कर्मचारी का कार्य बाकी है, उसे उस कार्य को पूर्ण करने के लिए अवगत कराया जाए। सर्वर डाउन की स्थिति में 24 घंटे में जब सर्वर अप रहता है उस समय आवेदन भरा जाए, इसके लिए आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, कृषि खसरा नंबर, किसान खातेदार का नाम आदि आवश्यक तैयारी करते हुए फॉर्म में पूरी जानकारी रखी जाए। अपर कलेक्टर सर्वे ने कहा कि गांव में मुनादी के साथ साथ किसानों को बताया जाए कि इस फॉर्मेर आईडी से सभी योजनाओं का लाभ मिलेगा। अभी सरकार यह पंजीयन करा रही है, इसलिए समय रहते इस पंजीयन कार्य को पूरा करने में सहयोग करें और समय निकाल कर इस कार्य को पूर्ण करें।

### महाव्यापारी संघ का चुनाव 19 को

**मगरलोड।** महाव्यापारी संघ मगरलोड के पदाधिकारियों का चुनाव 19 मार्च बुधवार को कृषि उपज मंडी प्रांगण में होगा। महाव्यापारी संघ के अध्यक्ष पद के लिए युगलकिशोर चंद्राकर, यादराम गायकवाड़ के नाम की चर्चा है।

## कार सवारों ने की मारपीट और मोबाइल को जलाया

**महासमुंद।** नगर के एकता चौक में पान खाने गए एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर उसके मोबाइल को जलाने के मामले में पुलिस ने कार सवारों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। कोतवाली पुलिस को प्रार्थी राहुल सेवर ने बताया कि वह ग्राम बावनकेरा का निवासी है और महासमुंद में प्राइवेट काम करता है। 15 मार्च की रात 9 से 10 बजे के बीच वह अपनी मोटर सायकल से पान खाने के लिए एकता चौक गया था। वह एसबीआई एटीएम के बगल स्थित पान ठेला के पास गाड़ी खड़ी कर सामान खरीद रहा था। उसी समय महासमुंद से एक कार क्र. सीजी 04 पीए 2008 के चालक ने उसकी मोटर सायकल को ठोकर मार कर गिरा दी। जिसके बाद प्रार्थी ने अपनी मोटरसायकल उठाई और मोबाइल से फोटो खींचा।

## रंग लगने से नाराज होकर मारपीट

**महासमुंद।** होली खेलने के दौरान रंग लगने से नाराज होकर एक व्यक्ति ने मारपीट कर दी। पुलिस को सुंदर यादव भूसापारा खल्लारी ने बताया कि 14 मार्च की दोपहर 1 बजे उसका पुत्र राजा यादव होली खेल रहा था, तभी विधिराज यादव रंग लगाने पर गुस्से में आ गया और गाली गलौज कर मारपीट करने लगा, जिससे उसका दौड़ते हुए गली में गिर गया और उसके सिर में चोट आई। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296(), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## बच्चों ने मंत्री से पूछे सवाल, तब छात्रों ने पानी की समस्या गिनाई

# मंत्री टंकराम ने छात्रों के साथ खेली होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं युवा खेल मंत्री टंकराम वर्मा ने अपने निज निवास स्थान चाम्पा में स्कूली बच्चों के साथ रंग गुलाल लगाकर होली पर्व मनाया। होली की सुबह मंत्री के विशेष आमंत्रण पर चाम्पा स्कूल के सभी शिक्षकों और प्राथमिक शाला के विद्यार्थी मंत्री के बंगले पर पहुंचे। बच्चों को देख मंत्री अत्यंत ही प्रसन्नता जाहिर की तथा बच्चों ने मंत्री के सहज संवाद से प्रभावित होकर उन्हें दादाजी शब्द से सम्बोधित किया। ग्रामीण परिवेश में पले बढ़े मंत्री टंकराम वर्मा के स्वभाव से ही संगीत प्रेमी हैं। अपने को कहा रोक पाते। नंगाड़े की धुन के साथ फाग गीत गाकर सभी के माथे पर बारी–बारी से तिलक लगाकर बधाई दी तथा घर में पकवान से बच्चों का मुंह मीठा कराया। सभी



शिक्षकों से स्कूल की समस्याओं से भी अवगत हए तथा आगामी दिनों में निदान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य भारती मढ़रिया, संकुल समन्वयक अमृत लाल बंजारे, देव श्री साहू व्याख्याता, रजनी साहू व्याख्याता, हेमकुमार धीवर, शत्रुहन कुमार सोनवाने, फागुराम जलहरे, प्रधानपाठक माध्यमिक शाला खम्हरिया, अराधना वर्मा प्रधानपाठक चाम्पा, चित्ररेखा साहू, अजय वर्मा सहित ग्रामीण व बच्चे शामिल थे।

### समस्या का निराकरण होगा

कक्षा 1 ली की बच्ची को अपने पास बुलाकर मंत्री टंकराम वर्मा ने पूछा आपके स्कूल में कोई समस्या तो नहीं। बच्ची ने मंत्री को बताया हम लोगों के यहां पानी की समस्या हैं, हाथ धोने बाहर जाना पड़ता हैं, जिस पर मंत्री ने इस समस्या का निराकरण की बात कही। बच्चों ने सहज प्रश्न किए आप क्या काम करते हैं? जिस पर मंत्री ने कहा कि जन सेवा के साथ –साथ बहुत भाग दौड़ करनी पड़ती हैं।



## खबर संक्षेप



### आदर्श मंडल ने नशामुक्त मनाया होली पर्व

**रायपुर।** पुरानी बस्ती स्थित राज ठेठवार परिवार चौक में आदर्श मंडल द्वारा नशामुक्त होकर होली पर्व मनाया गया। समिति के सभी लोगों ने एक-दूसरे पर रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और आने जाने वाले के लिए ड्रम में रंग घोलकर सभी को रंगीन कर दिया। इसी दौरान बच्चे, बुजुर्गों ने भी फिल्मी गाने एवं फाग का खूब लुत्फ उठाया। सभी मस्ती में झूमने व थिरकने लगे। कार्यक्रम में गजेश यदु, प्रवीण झा, देवेंद्र शर्मा, राजकुमार पांडे, प्रवीण झा, ललित यदु, सत्येंद्र श्रीवास्तव, नवीन यदु, श्रीतिक आदि शामिल थे।

### नशामुक्त तरीके से होली मनाने किया प्रेरित



**रायपुर।** सामाजिक संस्था नशामुक्ति अभियान समिति द्वारा रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के कोटा में उत्साहपूर्वक होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोगों को होली के त्योहार को पर्यावरण के प्रति जागरूक और नशामुक्त तरीके से मनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में केमिकल रहित हरे, पीले और लाल गुलाल जैसे सूखे रंगों से होली खेली गई। नशामुक्ति अभियान समिति के संयोजक अधिवक्ता भगवानू नायक ने लोगों को होली के अवसर पर नशीले पदार्थों से दूर रहने और नशामुक्त समाज की स्थापना के लिए संकल्प दिलाया। श्री नायक ने कहा, होली खुशियों का त्योहार है, लेकिन नशे के कारण कई बार खुशियां दुख में बदल जाती हैं। नशामुक्त होली हमारे समाज के लिए जरूरी है। हमें नशामुक्त होली मनाकर समाज को एक स्वस्थ और खुशहाल दिशा देनी चाहिए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और नशामुक्ति के संकल्प को मजबूती से अपनाया। समिति के जिला प्रभारी आशीष तांडी ने लोगों से अपील की कि वे नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाएं और अपने आसपास के लोगों को भी नशामुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित किया।

### भाजपा नेताओं को बचाने भारतमाला प्रोजेक्ट की ईओडब्ल्यू से जांच करा रहे

**रायपुर।** भारतमाला परियोजना में जमीन अधिग्रहण घोटाले में भाजपा सरकार लीपापोती करना चाहती है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, सरकार इस मामले में संलिप्त भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, एक पूर्व मंत्री, विधायक को बचाने के लिए ईओडब्ल्यू की जांच करा रही है। भारतमाला परियोजना केंद्र सरकार की योजना है। इस मामले में मुआवजे का जो घोटाला हुआ है, उसमें केंद्र सरकार के खजाने पर डाका डाला गया है। अतः इसकी जांच केंद्र सरकार की एजेंसियों को करना चाहिए। केंद्रीय राशि पर घपले की जांच सीबीआई को करनी चाहिए।

# होली के कारण 12वीं की परीक्षा में शामिल न होने वाले छात्रों को मिलेगा दूसरा मौका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

15 मार्च को सीबीएसई द्वारा कक्षा बारहवीं की हिंदी की परीक्षा आयोजित की गई थी। जो छात्र होली के कारण इस दिन परीक्षा नहीं दिला पाए हैं, उनके लिए पुनः परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके लिए बोर्ड द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है।

खास खबर

बोर्ड के अनुसार, देश के अधिकतर हिस्सों में होली का त्योहार 14 मार्च को मना गया, लेकिन कुछ क्षेत्रों में यह उत्सव 15 मार्च को होगा या 14 मार्च की गतिविधियों का विस्तार 15 मार्च तक हो सकता है। इसे देखते हुए यह व्यवस्था की गई है।

सीबीएसई के मुताबिक, जिन छात्रों को होली के कारण 15 मार्च को होने वाली हिंदी की बोर्ड परीक्षा में शामिल होने में कठिनाई होगी, उन्हें परीक्षा देने का दूसरा अवसर प्रदान किया जाएगा। दरअसल, सीबीएसई ने बोर्ड परीक्षाओं की तारीखों की घोषणा तीन महीने पहले कर दी थी।

इस कदम का उद्देश्य छात्रों को अपनी पढ़ाई की योजना बनाने और समय का बेहतर प्रबंधन करने में मदद करना था। इसके तहत, कक्षा 12वीं के लिए हिंदी कोर और हिंदी ऐच्छिक की परीक्षा 15 मार्च को निर्धारित की गई थी।

## देश के कुछ हिस्सों में 15 मार्च को भी मनाई गई होली, इन छात्रों के लिए विशेष व्यवस्था

### तय समय पर हुई परीक्षा

राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के अन्य जिलों में 15 मार्च को हिंदी की परीक्षा तय समय पर आयोजित हुई, लेकिन जिन छात्रों को इस दिन परीक्षा में उपस्थित होने में असुविधा हुई अथवा वे होली संबंधित कारणों से परीक्षा में शामिल नहीं हो पाए, उन्हें दोबारा मौका दिया जाएगा। सीबीएसई के फैसले के अनुसार, ऐसे छात्र उस विशेष परीक्षा में शामिल हो सकेंगे, जो बोर्ड की नीति के तहत राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खेल आयोजनों में भाग लेने वाले छात्रों के लिए आयोजित की जाती है। सीबीएसई ने कहा, इस फैसले के जरिए छात्रों के कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।



### करना होगा सूचित

जो विद्यार्थी 15 मार्च को आयोजित की गई हिंदी की परीक्षा में शामिल नहीं हो पाए हैं। उन्हें इसकी सूचना बोर्ड को प्रदान करनी होगी। इसके अधार पर ही सीबीएसई द्वारा ऐसे छात्रों के लिए परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इन छात्रों को रिजल्ट में अनुपस्थित नहीं दिखाया जाएगा बल्कि दोबारा परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके लिए पृथक समय-सारिणी बाद में जारी की जाएगी।

## रंगों की मस्ती में ज्यादा हुई घटनाएं, सरकारी अस्पतालों में इमरजेंसी में इलाज

# सरकारी अस्पतालों में गहमागहमी, मारपीट और एक्सीडेंट के बाद 275 लोग पहुंचे अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

होली की खुमारी के बीच एक्सीडेंट, गिरने-पड़ने और मारपीट होने की घटनाएं भी जमकर घटीं। अप्रिय घटनाओं में आहत होने वाले लोगों के इलाज के लिए अवकाश के दिन सरकारी अस्पताल इमरजेंसी मोड में सक्रिय रहे, जहां गहमागहमी की स्थिति बनी रही।

- एक्सीडेंटल केस मारपीट और गंभीर चोट की सूचनाओं पर दौड़ती रही 108 एंबुलेंस

पिछले दो दिन के भीतर केवल 108 एंबुलेंस की मदद से 275 लोग इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे, वहीं 100 के करीब अपने साधनों से इलाज के लिए आए। होली की छुट्टी के दिन सरकारी अस्पतालों में बाह्य रोग विभाग बंद था, मगर इमरजेंसी सेवा को बहाल रखा गया था। जहां इलाज के लिए विभिन्न कारणों से चोटिल होकर काफी लोग पहुंचे। होली का माहौल होलिका दहन यानी गुरुवार से बन गया था और शुक्रवार तक इसके साइड इफेक्ट भी नजर आते रहे। 108 संजीवनी एबुलेंस सेवा के आंकड़ों के अनुसार, विभिन्न तरह के मामलों में कुल 275 लोगों को उनकी सेवा की जरूरत पड़ी।

सूचनाओं के आधार पर एंबुलेंस में तैनात चिकित्सकीय टीम उन्हें उपचार के लिए अस्पताल तक पहुंचाती रही। इसके अलावा करीब सौ की संख्या में लोग इलाज की खातिर अपनी व्यवस्था के तहत अस्पताल पहुंचे। स्वास्थ्य विभाग के आदेश पर सरकारी अस्पतालों के सूचनाओं पर मदद के लिए 108 संजीवनी सेवा के अलर्ट मोड पर रखा गया था। एंबुलेंस सेवा के लिए हर कॉल को गंभीरता से लेने और त्वरित एक्शन लेने की हिदायत दी गई थी। रायपुर समेत राज्य के अनुसार, प्रदेश के अन्य जिलों में आहत मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाने एंबुलेंस घटनास्थल से लेकर नजदीकी मेडिकल कॉलेज के अस्पताल, जिला अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केंद्रों तक दौड़ती रहीं।

## पिछले साल की तुलना में इस बार दुर्घटना के मामले ज्यादा



### लड़ने-भिड़ने से 43 घायल

पिछले साल की तुलना में इस बार एक्सीडेंट के ज्यादा मामले सामने आए। होलिका दहन के दिन 116 लोगों को विभिन्न दुर्घटनाओं के बाद इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं त्योहार की खुमारी में आपस में लड़ने-भिड़ने के बाद घायल हुए 43 लोगों को अस्पताल ले जाया गया। दूसरे दिन यानी 15 मार्च को एक्सीडेंट के 91 तथा मारपीट जैसे मामलों में 25 लोगों को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया।

### आंबेडकर अस्पताल में भीड़

होली के दौरान आंबेडकर अस्पताल में शुक्रवार को छुट्टी रही, वहीं शनिवार को ओपीडी सेवा बहाल थी, मगर गिनती के मरीज ही वहां इलाज के लिए पहुंचे थे। दोनों दिन इमरजेंसी विभाग में मरीजों की संख्या अधिक रही। एमएलसी के करीब 20 मामले आए, 50 प्रकरणों जिसमें एक्सीडेंटल घटनाओं में लोग सीधे अस्पताल पहुंचे और 30 के करीब दूसरे स्वास्थ्य केंद्रों से प्राथमिक उपचार के बाद यहां रेफर किया गया।

### आज से व्यवस्था सामान्य

सोमवार से आंबेडकर, जिला अस्पताल तथा अन्य अस्पतालों में ओपीडी समेत अन्य उपचार व्यवस्था सामान्य होने का अनुमान है। शुक्रवार को होली के बाद शनिवार और रविवार को इसका असर नजर आया। होली के दौरान अस्पताल में भर्ती मरीजों की संख्या भी कम हो गई थी, त्योहार का माहौल होने के कारण भीड़भाड़ भी काफी कम रही। बाहर से आए मरीजों के परिजन भी अपने घर चले गए थे। वहीं अस्पताल स्टॉफ एवं चिकित्सक भी बड़ी संख्या में अवकाश पर रहे, जिसके सोमवार से सामान्य होने की उम्मीद है।

# टिकैत बोले- काले कृषि कानून किसानों पर थोप रही केंद्र सरकार



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं संयुक्त किसान मोर्चा के नेता चौधरी राकेश टिकैत ने कहा है कि केंद्र सरकार काले कृषि कानून किसानों पर थोपना चाह रही है। कृषि क्षेत्र का निगमीकरण करने की मंशा रखती है केंद्र सरकार। इसका पुरजोर विरोध देशभर में हो रहा है। किसानों की पंचायत कर उन्हें संगठित करने देशव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के 4 दिवसीय प्रवास पर राजधानी रायपुर पहुंचे भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने पत्रकारों से चर्चा में ये बातें कही। छत्तीसगढ़ में केंद्र द्वारा धान के समर्थन मूल्य में 117 रुपये प्रति क्विंटल वृद्धि किसानों को नहीं मिलने, रासायनिक खाद की खुलेआम कालाबाजारी, छुट्टे घूमने वाले मवेशियों से किसानों व आम राहगीरों को होने वाली परेशानी पर भी उन्होंने चर्चा की।


- भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता पहुंचे छत्तीगसढ़ प्रवास पर

राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने पत्रकारों के साथ चर्चा में कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जबरदस्ती लाए गए कॉर्पोरेट परस्त किसान कृषि और आम उपभोक्ता विरोधी कानून के खिलाफ चले 13 महीने की आंदोलन में केंद्र सरकार ने हालांकि कानून वापस ले लिया, पर किसानों से उस दौरान सभी फसलों के लिए स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के अनुरूप सभी फसलों का समर्थन मूल्य के लिए कानूनी गारंटी लागू करने का वादा पूरा नहीं किया। साथ ही आंदोलनकारी किसानों पर लगे कानूनी मामलों को वापस लेने, आंदोलन के दौरान शहीद हुए किसानों के परिवारों को पर्याप्त मुआवजा देने का लिखित आश्वासन पूरा नहीं किया गया है।

विदित हो कि किसान नेता राकेश टिकैत 17 मार्च को ओडिशा के बरगढ़ में किसान पंचायत को संबोधित करेंगे। इसी तरह 18 तारीख को महासमुंद जिले के गौरिया और 19 तारीख को धमतरी में आयोजित किसान पंचायत को संबोधित करेंगे।

### सम्हर में होली त्यौहार धूमधाम से मनाया गया

**तेंदूकोना।** ग्राम सम्हर में होली त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया किया गया। होली त्योहार के अवसर पर जनपद सदस्य प्रतिनिधि एवं प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति प्राधिकृत सम्हर पिलेश्वर पटेल ने होलिका माता की पूजा अर्चना कर गुलाल लगाकर सभी लोगों को बधाई प्रेषित किया और उन्होंने कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारा और सौहार्द का त्योहार है। इस त्योहार को बिना किसी भेदभाव के मनाना चाहिए। किसी प्रकार का हुड़दंग नहीं करना चाहिए और न किसी को जबरन रंग लगाना चाहिए। होली हमें देश की सभ्यता और संस्कृति का भी संदेश देता है। यह त्योहार एकता का संदेश देता है। हम सभी को रंगों की तरह ही आपस में मिलजुल कर रहना चाहिए। इस अवसर पर गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थे।



### प्राकृतिक मड थेरेपी, 19 से निशुल्क चिकित्सा शिविर

**रायपुर।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन छत्तीसगढ़ प्रांतीय इकाई द्वारा 19 से 25 मार्च तक रामनाथ भीमसेन सभा भवन समता कॉलोनी में निशुल्क प्राकृतिक मड थेरेपी चिकित्सा शिविर आयोजित है। शिविर कंचन सेवा संस्थान उदयपुर के प्रशिक्षित डॉक्टरों की टीम द्वारा सर्व समाज के लिए आयोजित है। इस मौके पर शिविर में कमरदर्द, घुटना दर्द, डायबिटीज, ब्लडप्रेशर, मोटापा, अनिद्रा, कब्ज, गैस, थायराइड, एसिडिटी, जलन मूत्र प्रॉब्लम, अल्सर, त्वचा संबंधी समस्या का उपचार किया जाएगा। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल, महामंत्री मुरली अग्रवाल, प्रचार प्रसार प्रभारी प्रमोद जैन ने बताया कि शिविर में शामिल होने के लिए पंजीयन कराना अनिवार्य है। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर अलग-अलग समितियां बनाई गई हैं, जिसमें प्रमुख पंजीयन व्यवस्था समिति में अशोक गोयल, कर्तव्य अग्रवाल, प्रमोद जैन, विकास अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल शामिल हैं। इसके अलावा भवन व्यवस्था, भोजन व्यवस्था और टैंट व्यवस्था के लिए समिति बनाई गई है। 23 मार्च को हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनील गुनियाल एवं मधुमेह विशेषज्ञ डॉ. निमेश सिंघानिया, दंतरोग विशेषज्ञ डॉ. नीरज अग्रवाल द्वारा निशुल्क जांच कर मरीजों का उपचार किया जाएगा।

## मौदहापारा में नालियों पर अतिक्रमण को लेकर हुईं नाराज

# साफ-सफाई का जायजा लेने पर सड़क पर उतरीं महापौर मीनल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

महापौर मीनल चौबे रविवार को मौदहापारा मुख्य मार्ग पर लगने वाले संडे बाजार का निरीक्षण करने पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों को सड़क किनारे व्यवसाय करने की हिदायत दी, ताकि सड़क पर ट्रैफिक जाम की समस्या न हो। मौदहापारा में मारुति सेल्स शोरूम और केके रोड क्षेत्र में नालियों पर किए गए अतिक्रमण को लेकर वे जमकर बिफरीं। उन्होंने व्यापारियों से कहा कि तुरंत नालियों पर बनाए गए पाटे हटाएं। साथ ही निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मशीनों से नालियों पर बने सभी पाटों को तोड़ा जाए।

- मौदहापारा, एमजी रोड, शारदा चौक जयस्तंभ चौक की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण



होली त्योहार के बाद शहर की सफाई को लेकर महापौर मीनल चौबे रविवार को पैदल ही मौदहापारा, एमजी रोड और शारदा चौक, जयस्तंभ आदि इलाकों में निगम के अधिकारियों के साथ पहुंचीं। इस दौरान सफाई व्यवस्था को लेकर उन्होंने लोगों से बातचीत की। एमजी रोड स्थित नाइट चौपाटी पर प्लास्टिक डिस्पोजल बंद करने के उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। महापौर ने नालियों की सफाई नियमित रूप से कराने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि नगर निगम नालियों को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त करेगा और निर्देशों का पालन नहीं करने वालों पर सख्ती बरती जाएगी।

# बर्खास्त बीएड सहायक शिक्षकों ने धरनास्थल पर ही मनाई होली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बर्खास्त बीएड सहायक शिक्षकों ने समायोजन की मांग को लेकर रविवार को नवा रायपुर के तूता स्थित धरनास्थल पर प्रदर्शन किया। परिवार के साथ धरनास्थल पर अनिश्चितकालीन धरना दे रहे प्रदेशभर के प्रभावित सहायक शिक्षकों ने इस बार धरनास्थल पर ही परिवार के साथ होली मनाई। वहीं अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के आव्हान पर 9 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारियों ने धरनास्थल पर अनशन किया। छत्तीसगढ़ के



2897 बर्खास्त बीएड प्रशिक्षिक सहायक शिक्षकों ने नौकरी की सेवा सुरक्षा की मांग करते हुए तूता में धरना दिया। प्रभावित सहायक शिक्षकों ने नौकरी बचाओ संघर्ष के तहत धरनास्थल पर आंदोलन जारी रखा है।

उनका कहना है, जब तक उनका समायोजन नहीं हो जाता, धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा। होली त्योहार के दिन भी धरनास्थल से बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों ने रैली निकालकर शासन का ध्यान आकर्षित कराया।

हाथों में तख्तियां लेकर प्रदर्शनकारी बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों की नौकरी में सेवा सुरक्षा की मांग करते रहे।

# राजधानी का ऐसा अबूझ सामुदायिक भवन, जहां आने-जाने का रास्ता तक नहीं

- नगर निगम की कारस्तानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर के बूढ़ापारा क्षेत्र में हनुमान मंदिर के पीछे एक ऐसा सामुदायिक भवन बनाया गया है, जिसका कई लोगों पता तक नहीं मालूम। नगर निगम ने 10 लाख रुपए खर्च कर लोगों के लिए सामाजिक, धार्मिक व पारिवारिक समारोह के प्रयोजन के उद्देश्य से यह भवन सालभर पहले बनाया, पर वहां तक आने-जाने का रास्ता किसी को पता ही नहीं है।

रायपुर दक्षिण के तत्कालीन विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने वार्डवासियों की मांग पर विधायक निधि से राशि स्वीकृत कर सामुदायिक भवन बनाने का मौका दिया, पर अपने तरह का यह अबूझ सामुदायिक भवन लोगों की पहुंच से बाहर है। नगर निगम जोन-4 क्षेत्र स्थित स्वामी विवेकानंद-सदर बाजार वार्ड में निगम प्रशासन ने 10 लाख खर्च कर वार्डवासियों के लिए 1 वर्ष पहले ही नया सामुदायिक भवन बनवाया, पर भवन बनाते समय इस बात का ध्यान नहीं रखा गया कि सामुदायिक भवन आने-जाने का मार्ग किस ओर रहेगा। आसपास निर्माण होने से हालत ये हैं कि बूढ़ेश्वर चौक स्थित हनुमान मंदिर के पीछे वाली दीवार के पास टूटी हुई छोटी सी जगह को लांघकर यहां तक पहुंचना होता है। यह बात कई लोगों को नहीं मालूम है। लोगों ने जोन-4 दफ्तर का ध्यान इस ओर आकर्षित कराया है।






- सदर वार्ड में विधायक निधि से 10 लाख खर्च कर बनाया था सामुदायिक भवन

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉंच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


मान.श्री शिवरतन शर्मा
पूर्व विधायक, भाटापारा
मान.श्री आनंद यादव
भाजपा, जिलाध्यक्ष
मान.श्री सनम जांगड़े
पूर्व विधायक, बिलाईगढ़
मान.श्री प्रमोद शर्मा
पूर्व विधायक, बलौदाबाजार
मुख्य अतिथि
मान.श्री टंकराम जी वर्मा
मंत्री-राजस्व एवं आपदा प्रबंधन
खेल युवा कल्याण विभाग छ.ग.
अध्यक्षता
मान.श्री गौरीशंकर जी अग्रवाल
पूर्व अध्यक्ष- छत्तीसगढ़
विधानसभा
जनपद पंचायत बलौदाबाजार के
नवनिर्वाचित अध्यक्ष
श्रीमती सुलोचना यादव जी
एवं उपाध्यक्ष
श्रीमती सुमन योगेश वर्मा जी
सहित समस्त सदस्यों के
शपथ ग्रहण समारोह
पधारे समस्त अतिथियों का
हार्दिक आभार...
श्रीमती सुलोचना यादव
अध्यक्ष
जनपद पंचायत बलौदाबाजार
श्रीमती सुमन योगेश वर्मा
उपाध्यक्ष
जनपद पंचायत बलौदाबाजार
नवनिर्वाचित सदस्यगण
राजेश नेताम
चन्द्रशेखर ध्रुव
धनेश्वरी पोर्ते
पर्मिलाबाई साहू
शांतिदेवी कोसले
अमित बार्वे
शांता साहू
छम्मन विजय यादव
गजेन्द्री वर्मा
हरिष कुमार साहू
घनाराम पटेल
दिनेश कुमार संगिले
आर्यन शुक्ला
संगीता दुलेश्वर ध्रुव
शीतल घनश्याम वर्मा
वेदेश्वरी त्रिलोक यादव
डेमनलाल पवन वर्मा
सविता अजय धृतलहरे
जगमोहनदास धृतलहरे
चन्द्रिका तुलसी मनहरे
कालेन्द्री सोनवानी
उषादेवी रामाधर साहू
शिवप्रसाद वर्मा
विनीत : समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण जनपद पंचायत बलौदाबाजार

## खबर संक्षेप



### घिरघोल में भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

**पलारी।** ग्राम घिरघोल में साहू परिवार के सानिध्य में श्रीमद भागवत महापुराण कथा 17 मार्च से आरम्भ हो कर 25 मार्च तक आयोजित होंगी। कथा वाचक पं. चंद्रकांत शर्मा है। आयोजक कमल नारयण साहू, अरुण साहू द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित हो कर भागवत कथा का आनंद लेने अपील की है।

### धूमधाम से मनाई गई होली, जमकर उड़े रंग

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के वार्ड नंबर 3 में होली पर्व को बड़ी धूमधाम से मनाई गई जिसमें संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा रंग, गुलाल और अबीर से एक- दूसरे को सराबोर करने की होड़ और होली के गीतों की मस्ती के साथ रंगों का त्योहार होली शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। शुक्रवार को ग्राम खरोरा में होली का बड़ी धूमधाम से मनाई गई होली शांतिपूर्ण रही होली की उमंग गुरुवार से ही दिखने लगा था।

### खल्लारी मातेश्वरी ट्रस्ट कमेटी की बैठक आज

**खल्लारी।** धार्मिक दैवीय माता तीर्थ स्थल खल्लारी स्थित श्री खल्लारी मातेश्वरी मंदिर ट्रस्ट कमेटी के कार्यकारिणी व आजीवन सदस्यों का बैठक मंगलवार 18 मार्च को दोपहर 12 बजे से श्री जगन्नाथ स्वामी के मंदिर कार्यालय में रखा गया है। जिस आयोजित बैठक में चैत्र नवरात्र व खल्लारी मेला महोत्सव के आयोजन को लेकर चर्चा होगी। उक्त बैठक की जानकारी मंदिर ट्रस्ट कमेटी के सचिव तोषराम साहू ने दी है।

### सोनई रूपई मंदिर में नवरात्र की तैयारी

**महासमुंद।** ग्राम खट्टी में चैत्र नवरात्र पर्व पर माता सोनई रूपई मंदिर में मनोकामना ज्योति प्रज्वलित किए जाएंगे। 30 मार्च घटना स्थापना श्री शैलपुत्री, वेदी पूजन प्रातः 11.36 से 12.24 बजे तक, 2 अप्रैल बुधवार को स्कंद माता एवं श्रृंगार पूजन 8 बजे से, 5 अप्रैल महागौरी पूजन कार्यक्रम शाम 4 बजे होगा। उक्त जानकारी सुभाष शर्मा, होरीलाल साहू, कमलेश कुमार ध्रुवंशी, गजेंद्र साहू, भूपेंद्र साहू ने दी।

### ब्राह्मण समाज का होली मिलन कल

**महासमुंद।** सर्व ब्राह्मण समाज महासमुंद के तत्वावधान में 19 मार्च बुधवार को शाम 5 बजे से आश्रम रोड समाज भवन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें सभी विप्रजन उपस्थित रहकर प्रेम व सौहार्द्रपूर्वक नगाड़ों के थाप व सुमधुर फाग गीत के साथ रंगोत्सव का आनंद लेंगे तथा 30 अप्रैल को सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा निकाली जाने वाली भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा के तैयारी व आगामी कार्यक्रमों के संबंध में करें। अध्यक्ष प्रमोद तिवारी ने जिले में विप्र बंधुओं से सपरिवार उपस्थित रहकर कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने की अपील की।

### आठ सूत्रीय मांगों को लेकर धरना

महासमुंद। छग अनु जनजाति शास सेवक विकास संघ छत्तीसगढ़ के प्रांतीय आह्वान पर पदोन्नति में आरक्षण सहित 8 सूत्रीय मांगों को लेकर रायपुर स्थित तूता धरना स्थल में प्रदेश के जनजाति अधिकारी कर्मचारी व अजाक्स के समर्थन से सरकार को जगाने नगाड़ा बजाकर एकदिवसीय आंदोलन किया गया एवं रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा गया। साथ ही मांगे पूरी न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई। धरना स्थल में पिछले कई दिनों से आंदोलन रत बी एड शिक्षाधारी की मांगों का समर्थन किया गया। एकदिवसीय आंदोलन का नेतृत्व आर एन ध्रुव प्रांताध्यक्ष, कमलेश ध्रुव, सदे सिंह कोमरे, एम पी सिंह तंवर उप प्रांताध्यक्ष, एन आर चंद्रवंशी, श्रीराम ध्रुव, एस पी ध्रुव तथा प्रदेश भर के हज़ारों कर्मचारी अधिकारी आंदोलन में शामिल हुए।

---

**होली :** ढोल नगाड़े की धुन और तेज संगीत पर जश्न मनाया गया

# रंग-गुलाल लगाकर ग्रामीणों ने दिया भाई-चारे का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुण्डा

अंचल के ग्राम कोलिहा, सर्वाडीह, ढनढनी, जुड़ा, बरदा, कुम्हारी, कैलाशगण, धाराशिव, पैंजनी, जामडीह, लाहोद, कोनारी, लच्छनपुर, भालूकोना, कोहरौद और भाटापारा थाना क्षेत्र के अर्जुनी, टोनाटार सहित अन्य गांवों में रंगों का त्यौहार होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। क्या अमीर क्या गरीब सभी एक ही रंग में नजर आ रहे थे। हर समाज व उम्र के लोग मस्ती के रंग में रंग गए। एक दूसरे को रंग गुलाल लगाया। प्रेम और भाईचारे के साथ होली खेली व शुभकामनाएं दी। सभी लोग टोलिया बनाकर सड़कों पर रंग लेकर एक दूसरे को रंगते नजर आए। इसके साथ ही ढोल नगाड़ा की धुनों और तेज संगीत पर नाचते लोग अपने तरीके से ही होली का जश्न मनाते नजर आए। भाईचारे का प्रतीक होली पर गिले शिकवे भुलाकर लोगों ने एक-दूसरों को गुलाल लगाकर खुशी का इजहार किया। वहीं पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी से लवन क्षेत्र में कहीं भी कोई अप्रिय घटना नहीं घटी। लवन थाना से चार पेट्रोलिंग पार्टी सुबह से लेकर देर रात तक थाना क्षेत्र के गांव में पेट्रोलिंग करते रही, जिसकी कमान थाना प्रभारी केसर पराग बंजारा, उप निरीक्षक किशुन कुंभकार और सहायक उप निरीक्षक मोहित मलिक संभाले हुए थे।



### हर्षोल्लास के साथ मनाया होली का त्यौहार

**मुंडा।** ग्राम पंचायत जुड़ा में कई वर्षों से चली आ रही परंपरा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष भी होलिका दहन किया गया और 12 बजे सरपंच राजेश नेताम और उपसरपंच विष्णु भारती मोहरचद सोनबरसा सहित गांव के लोग छेना चढ़ाने बाजे गाजे के साथ गुलाल लगाते होलिका दहन के पास पहुंचकर होलिका में छेना चढ़ाया और सात फेरे घूम कर पूजा अर्चना किया वहीं ग्राम वासियों को होली त्यौहार की गुलाल लगाकर बधाई दी गई।



## अधिवक्ता संघ के होली मिलन में शामिल हुए तहसील कार्यालय के कर्मचारी



**पलारी।** तहसील परिसर में अधिवक्ता संघ पलारी ने गत दिनों होली मिलन समारोह का आयोजन किया, जिसमें अधिवक्ता संघ के अलावा तहसील में व्यवसायरत स्टांप वेंडरगण, दस्तावेज लेखक सहित तहसील कार्यालय के कर्मचारी होली मिलन समारोह में शामिल हुए। उक्त मौके पर अधिवक्ता संघ पलारी के अध्यक्ष सम्पत साहू कहा कि रंगों का यह त्यौहार हमें रंगों की तरह जीवन में आपसी सहयोग एवं प्रेम के साथ रहते हुए जीवन में आगे बढ़ाने की प्रेरणा देता है। इस प्रकार के आयोजन से संघ में एकता का संचार होता है। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ अध्यक्ष सम्पत साहू, महेंद्र भारद्वाज सचिव, अगरदास बंजारे, बिमला साहू उपाध्यक्ष, पोषण पटेल संरक्षक, डीएस बघेल, पुनाराम वर्मा कोषाध्यक्ष, त्रिलोक कुमार वर्मा सहसचिव, दीपक साहू, कृष्ण कुमार सोनवानी, गिरधर मांडले, टिकेश्वरी वर्मा, धर्मेंद्र वर्मा, विरेंद्र वर्मा, राजेंद्र कुमार मजूमदार, ईश्वरी प्रसाद वर्मा, युगल किशोर वर्मा, विजया कुमारी पटेल, अखिलेश वर्मा, अविनाश वर्मा, धनराज कोसले, मुन्नालाल सोनवानी, डोमार सिंह खंडेलवाल, धर्मेंद्र मनहरे, शेषनारायण विश्वकर्मा, भानु प्रताप साहू, पवन भतपहरी, भुवनेश्वर देवांगन, सोनू महिलांगे, दिनेश बंजारे, कृष्ण कुमार पटेल, जगदीश पटेल, कार्तिक राम मिरी, भरत पटेल, ईश्वरी गिलहरे, इंद्रजीत साहू, गज्जू देवांगन, कन्हैया डहरिया, शिवदयाल पठारी, साबित कन्नौजे, राजा देवांगन आदि उपस्थित थे।

### प्रधानपाठक ने होली पर युवाओं के साथ किया पौधारोपण



**मुंडा।** शासकीय प्राथमिक शाला पैजनी में पदस्थ प्रधान पाठक चूड़ामणि वर्मा वर्ष 1989 से आज पर्यंत होली पर्व पर युवाओं को संगठित कर पौधारोपण कर होली पर्व मानते आ रहे हैं। श्री वर्मा का कहना है कि इससे युवा हुड़दंग व व्यसन से दूर रहकर आनंद में पौधारोपण कर दूसरों के लिए प्रेरणा बने हुए हैं। युवा भी इनके इस कार्य में सहयोग प्रदान कर रहे हैं। इस वर्ष भी अपने पैतृक गांव कोरदा में वटवृक्ष लगाकर होली मनाई गई, जिसमें बड़ी संख्या में युवा भाग लिए। इस मौके पर गीतांजलि वर्मा, रोहित वर्मा, चतुर मुर्ति वर्मा, पीला वर्मा आदि उपस्थित थे। इनके इस कार्य की सभी ने प्रशंसा की। इस प्रकार इनके द्वारा लगाए गए पीपल, नीम, कदम, गुलमोहर, वटवृक्ष, करण, बेल के वृक्ष गांव की शोभा बढ़ा रहे हैं।

### होली मिलन समारोह में लोक गायक राकेश ने समा बांधा

**सिमगा।** समीपस्थ ग्राम ओटगन में रविवार को श्रीराम जानकी एवं शिव मंदिर परिसर में श्रीराम सेवक परिवार द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा महामंत्री तिल्दा सौरभ जैन एवं ओटगन सरपंच हिमांशु तिवारी प्रमुख रूप से शामिल हुए। इस होली मिलन समारोह में छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध लोक गायक राकेश तिवारी ने शिरकत करते हुए नंगाड़ो की थाप पर एक से एक फाग गीत गाकर कार्यक्रम में समा बांध दिया। वहीं उपस्थित लोग फाग गीत पर झुमते हुए नाचने लगे। उक्त समारोह में तिल्दा-नेवरा से पार्षदगण एवं ओटगन के उपसरपंच व पंचों सहित ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अतिथियों ने मंदिर परिसर में होली मिलन समारोह के सफल आयोजन पर श्रीराम सेवक परिवार के विजय सोनवानी, ललित मिर्झा, उमेश साहू आदि को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



### होली पर्व पर नगर में खूब थिरके युवा



**लवन।** नगर में रंगों का पर्व होली उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस बार भी रंगों के त्यौहार को लेकर लोगों में उमंग और उत्साह रहा। इस मौके पर बच्चों, युवाओं और युवतियों में विशेष उत्साह देखा गया। वहीं नवनिर्वाचित पार्षद हरप्रसाद बार्वे ने अपने वार्ड में होली धूमधाम से खेली, जहां डीजे के धुन पर महिलाएं, बच्चे और वार्डवासी खूब थिरके। इस बार लोगों ने रंग कम गुलाल का उपयोग अधिक किया। होली पर्व पर शहर के हर गली मोहल्ले और चौराहों पर बच्चों को होली का जश्न मनाते देखा गया। बच्चों के हाथों में पिचकारी और एक दूसरे को रंग लगाते हुए देखने का मजा कुछ अलग ही था। महिलाएं भी एक दूसरे के घरों में रंग लगाने के लिए पहुंचीं। एक ओर जहां जश्न का माहौल था, वहीं दूसरी ओर शहर के हर चौराहे पर रंग और गुलाल लगाते लोगों को देखा गया। होली पर लोगों ने एक दूसरे को शुभकामनाएं दीं। रस, रंग और होली का यह पर्व आनंद की अनुभूति के बीच मनाया गया। लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाया, वहीं खूब नाचे गए और होली का पर्व मनाया। दोपहर बाद शहर में अनेक परिवार के लोगों को एक दूसरे के यहां होल का पर्व मनाते हुए देखा गया।

---

## नव निर्वाचित जनपद सदस्य जामवंती ने निकाली आभार रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

ग्राम सकरी (प) में क्षेत्र क्रमांक 4 के नवनिर्वाचित जनपद सदस्य जामवंती नीलकमल साहू ने निर्वाचित होने पर लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अभार रैली निकल आशीर्वाद लेकर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मेरी क्षेत्र में विकास कार्य में कोई कमी नहीं आयेगी। सुख दुःख में मैं हमेशा आपके साथ रहूंगी, जिस उद्देश्य से लोगों ने मुझे जनप्रतिनिधि चुना है, उसमें खरा उतरने का प्रयास करूंगी। इस मौके पर ग्राम पंचायत के निर्वाचित सरपंच कुलदीपक खन्ना, कुंज राम साहू, साध राम साहू, हेमंत साहू लोकनाथ साहू, सुशील सेन, मनीराम साहू, दादू चंद्राकर, धनुष साहू, मनराखन लाल साहू, भानु प्रताप साहू, हरिराम साहू, कमलेश साहू, दयाराम वर्मा, वासुदेव वर्मा, प्रवीण वर्मा, बिसाहू राम साहू, हेमकुमार साहू, बलराम चंद्राकर, गंगू राम साहू, लखेश्वर सेन, दौलत राम सेन, राजेश साहू, बलराम साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## धीवर समाज नगर इकाई ने किया नपं अध्यक्ष का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

धीवर समाज नगर इकाई ने सोमवार को नगर पंचायत पलारी के अध्यक्ष गोपी साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा के निर्वाचित होने पर कार्यालय पहुंच कर मोमेंटो व साल श्रीफल भेंट कर बधाई दी। समाज के पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए समाज पार्षदों को प्रतिनिधित्व करने का मौका देना पर आभार व्यक्त किया। नगर अध्यक्ष गोपी साहू ने धीवर समाज के पदाधिकारियों, समाज के प्रबुद्धजनों का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा सभी के मार्गदर्शन में नगर हित में काम करने की बात कही। उक्त अवसर पर नगर इकाई के अध्यक्ष डॉक्टर प्रसाद धीवर संरक्षक सेवक राम धीवर, उपाध्यक्ष अखिलेश सचिव राम कुमार धीवर कोषाध्याय महेश कुमार धीवर पार्षद कुमार धीवर नारायण धीवर व समाज के खेदर धीवर, मेउक,भागवत धीवर द्वारपाल ,किशन, रामदुलार,संतु, के के सापहा, मंजू , शंकर, मुरीद, उमेश, रामकिशन, शैलेंद्र, तेजस, अनिकेत धीवर, नरसिंह, कौशल, बाली, दरस, उमाशंकर, मुन्ना, बैगा धीवर, दुलार, भूपेंद्र आदि उपस्थित थे।



### दो साल इंतजार के बाद राजधानी से फिर विशाखापट्टनम के लिए फ्लाइट

**रायपुर।** दो साल पहले एयर इंडिया की फ्लाइट के साथ बंद हुई रायपुर-विशाखापट्टनम की फ्लाइट फिर से उड़ान भरेगी। निजी एयरलाइंस इंडिगो ने इसे अपने समर शेड्यूल में शामिल किया है और 31 मार्च को पहली फ्लाइट के लिए बुकिंग भी शुरू कर दी गई। यह फ्लाइट सप्ताह में दो दिन सोमवार तथा शुक्रवार को संचालित होगी। इस फ्लाइट की डिमांड काफी समय से की जा रही थी और अंदाजा उसी एयरलाइंस कंपनी से पुनः शुरुआत से लगाया जा रहा था। वर्ष 2023 के पूर्व एयर इंडिया की फ्लाइट मुंबई, नागपुर, रायपुर और विशाखापट्टनम को जोड़ती थी। एयरलाइंस कंपनी द्वारा विमानों का संचालन रायपुर से बंद किए जाने के बाद विशाखापट्टनम से रायपुर की एयर कनेक्टिविटी खत्म हो गई थी। काफी लंबे समय से विशाखापट्टनम के लिए फ्लाइट शुरू करने का इंतजार किया जा रहा था। कुछ समय पहले विमानन कंपनी के वापस लौटने के दौरान यह अंदाजा लगाया जा रहा था कि कंपनी अपनी विशाखापट्टनम की उड़ान पुनः शुरू करेगी, मगर रायपुर से सबसे ज्यादा विमान का संचालन करने वाले इंडिगो ने समर शेड्यूल में इस उड़ान की घोषणा की है।

### जिला पंचायत सारंगढ़ के प्रथम अध्यक्ष बने संजय

**सारंगढ़।** बिलाईगढ़ जिला निर्माण के बाद प्रथम जिला पंचायत चुनाव में संजय भूषण पाण्डे ने क्षेत्र क्रमांक 9 से जिला सदस्य निर्वाचित हुए हैं। जिला सदस्य बनने के बाद सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला पंचायत में प्रथम जिला अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित होने पर संजय भूषण पाण्डे के पैतृक ग्राम पंचायत के नव निर्वाचित सरपंच एवं पंचगण एवं पूर्व सरपंच और ग्रामवासियों ने उनके निवास पहुंच कर प्रथम जिला पंचायत अध्यक्ष निर्वाचित होने पर बधाई दी। संजय साहू ने बताया कि संजय भूषण पांडे ग्राम पंचायत मोहतरा (न) के आश्रित ग्राम दुरूमगढ़ के गौटिया परिवार के सदस्य है एवं हमारे भटगांव बिलाईगढ़ क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। इस क्षेत्र के आमजनों की समस्यायों का समाधान करते आ रहे हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष बनने के बाद इस क्षेत्र के विकास के लिए विशेष योगदान मिलेगा। इस बात से क्षेत्र के आमजनों में भारी उत्साह है। संजय साहू ने बताया की संजय भूषण पाण्डे का दुरुमगढ़ आना जाना लगा रहता है। पैतृक ग्राम होने के कारण विशेष रूप से लोगों के समस्याओं का समाधान करते आ रहे थे। अब जिला पंचायत अध्यक्ष बनने के बाद ग्राम पंचायत एवं भटगांव बिलाईगढ़ क्षेत्र में विकास कार्यों को और गति मिलेगी।

---

**हरदी में प्राचीन परम्परा आज भी कायम**

# होली के अंगारों पर नंगे पांव चले ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पवनी

नवीन जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत हरदी में वर्षों से होलिका दहन के बचे अंगारों के अवशेषों में नंगे पांव चलने की परम्परा चली आ रही है। इस छोटे से गांव हरदी में होलिका दहन के पहले गांव वाले मांदर की धुन में होली गीत गाते बजाते झूमते नाचते हुए होलिका दहन करते हैं और होलिका जलने वाले स्थान पर रात भर गाना बजाना करते हैं और सुबह होते ही होलिका दहन के जलते अंगारों में नंगें पांव एक छोर से दूसरे छोर अंगारों में चलते हैं।

▪ यह दृश्य देखने आसपास गांवों से बड़ी संख्या में पहुंचे लोग

बिलाईगढ़ से 36 किलो मीटर दूरी में बसा हरदी गांव होलिका दहन के बचे अंगारों में चलने के नाम से प्रसिद्ध है, जहां आसपास के गांव के लोग हरदी पहुंच कर अंगारों पर चलते बच्चे बूढ़े युवाओं को देखते हैं। इस बार 13 मार्च की रात होलिका दहन कर शुक्रवार सुबह होली में जले लकड़ियों के अवशेषों के अंगारों में चल कर गांव वालों ने अनोखी होली मनायी, जहां लोग बड़ी ही संख्या में होलिका जलने वाले स्थान पर पहुंच कर ढोल नगाड़े की धुन में होली गीत गाते बजाते होली जलने वाले जगह पर परिक्रमा कर अंगारों पर चले। इससे लोगों को किसी भी प्रकार से कोई नुकसान नहीं हुआ। इस दौरान देखने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। होलिका दहन के पास अंगारों के चारों ओर गोल गोल 7 बार परिक्रमा किए और ढोल नगाड़ों की थाप से पूरा गांव झूम उठा।




09 मई से 20 मई 2025, 06 जून से 17 जून 2025, 25 जुलाई से 5 अगस्त (सावन में) (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार ), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411